अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के संभाग प्रथम के सभागार में दिनांक 17 मार्च, 2016 को कामर्स फॉरम के तत्वावधान में “इंटर विंग क्विज” का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में पाँच टीमों ने भाग लिया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के दिशा निर्देशन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया और विद्यार्थियों को इस तरह की प्रश्नोत्तरी में विभिन्न उच्च स्तरों पर भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया. उन्होंने विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान के प्रतियोगी परीक्षाओं में महत्व पर भी चर्चा की. इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर टीम बी (बी.कॉम. संभाग प्रथम), द्वितीय स्थान पर टीम ई (बी.कॉम., संभाग द्वितीय) रहीं. इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग से मैडम श्रीमती कमल टंडन भी उपस्थित थी और उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों और विजेताओं को सफल आयोजन के लिए बधाई दी.

कार्यक्रम का समापन कामर्स फॉरम की कन्वीनर श्रीमती शोभना गोयल के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ. इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के अन्य प्रवक्ता भी उपस्थित थे.

ऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋ

ऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋऋ

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में गणित क्लब के तत्वावधान में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक गतिविधियों आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता थे. उनके करकमलों से दीपशिखा प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. शालिनी (एम.एस.सी. प्रथम वर्ष) ने सरस्वती वंदना नृत्य के साथ प्रस्तुत की. गणित विभागाध्यक्ष डॉ0 के.एल. कौशिक ने मुख्य अतिथि

महोदय डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया. प्राचार्य महोदय ने "गणित जीवन का सार हैं और जीवन में गणित की महत्त्ता" पर प्रकाश डालते हुए विधार्थियों को आस्गीर्वाद दिया. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया. प्रत्येक टीम में तीन प्रतिभागी थे. यह प्रतियोगिता छह चरणों में गुई. टीम 3 (नवीन, प्रदीप, मीनाक्षी) ने प्रथम स्थान, टीम 6 (नेहा, सरिज, प्रिया) ने द्वितीय स्थान, टीम 4 (ममता, रविन्द्री, नेहा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. सास्कृतिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत समूह नृत्य में पवित्रा, निशा ने प्रथम स्थान, नवनीत, डिंपल, दिपांजली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. एकल नृत्य मेम पूजा ने प्रथम, चेतना ने द्वितीय तथा शालिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. विजेता विधार्थियों को प्राचार्य महोदय ने पुरस्कार वितरित करके सभी को बधाई दी और साथ ही गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 के.एल. कौशिक एवं उनके सहयोगी प्रवक्ताओं के अभूतपूर्व प्रयासों की सराहना की. इस सुअवसर पर गणित विभाग के समस्त वरिष्ठ एवं कनिष्ठ प्रवक्ता उपस्थित थे.